Funny Comedy Script in Hindi(Audition) | फनी कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी

पूर्वाभास:

नमस्कार दोस्तों कैसे हो सभी, उम्मीद करता हु सभी ठीक होंगे |आज फिर आया हु एक नई स्क्रिप्ट के साथ " **Funny Comedy Script in Hindi(Audition) | फनी कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी** " ; यहापर एक व्यक्ति है जिसका नाम " नटवर " है |यह एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप मे काम करता है, आज हररोज की तरह वह दुकान मे बैठा है और उसे कस्टमर की कॉल आती है अब यह महाशय कस्टमर को समान कैसे बेचते है , खुद पढ़कर ही देखे ।।

दोस्तों प्लीज स्क्रिप्ट अच्छी लगे तो कमेन्ट जरूर करे और नीचे सोशल मीडिया के बटन पर क्लिक करके हमसे जुड़े |

पात्र :

नटवर (उम्र लघबग़ ३० -४० साल)

समय :

२ मिनट ३९ सेकंद

2 Minutes Funny Comedy Script in Hindi | Comedy एकपात्री नाटक script

(फोन का रींग बजता है) हेल्लो " **प्लग अंड प्ले सर्विसेज "** here, जी **नटवर** हि बोल रहा हु । अच्छा एक वडापाव, भुर्जी ....आ...(थोड़ा कन्फ्यूज होकर) प्रिय ग्राहक अगर आपने अगले 3 सेकंद मे फोन नहीं रखा तो तुम्हारी चटनी बनाकर उसी वडापाव के साथ बेचूँगा, चल रख फोन। पता नहीं कहा कहा से आत है।

हे भगवान अगर ऐसे ऐसे कस्टमर मिलेंगे तो ये दुकान भेचनी पड़ेगी। (फोन की रिंग) हेलो जी नटवर बोल रहा हु, अच्छा नहीं नहीं वो ऑफर अब ख़तम हुवा है । पिछले महीने दिवाली चल रही थी इसीलिए वाशिंग मशीन पर फोन फ्री मिल रहा था ।
बोलो अभी आपको क्या खरीदना है ? वाशिंग मशीन दिखाऊ ? एकसो-एक मॉडल पड़ा हुवा है उसमेसे कोनसा भी लेकर जाना।

अरे ऐसे सुबह सुबह नहीं बोलना सही बात नहीं है, आपके लिए स्पेशल डिस्काउंट देता हु। एक बात बताइए आपकी शादी हुयी है ? नहीं ! तो फिर मे तो बोलता हु आपको वाशिंग मशीन तो लेनिहि चाहिए। अरे क्यो क्या , शादी के बाद ये पत्नियां हात से कपड़े नहीं धोती उन्हे मशीन हि चाहिए ; हमारे पड़ोस मे वाशिंग मशीन नहीं करके एक का डाइवोर्स हो गया अभी बोलो।

अच्छा तो बुक करना है.... ठीक है । वैसे आपके पास फ्रीज है ? क्या नहीं है ! , अभी शादी करोगे तो पत्नी हर रोज स्वादिष्ट खाना बनाएगी । अब इतना स्वादिष्ट खाना अगर बचता है तो वो फेक देंगे ? नहीं ना ? तभी यह फ्रीज काम आएगा। और वैसे भी यही फ्रीज के चक्कर मेरी मौसीका डाइवोर्स हो गया है। इसीलिए कह रहा हु , अगर आपको नहीं लेना है तो ठीक है ।
जी कहिये , क्या फ्रीज भी बुक करना है ! ठीक है तो दोनो की डिलीवरी आपके घर की जाएगी।

वैसे और एक बात मन मे आयी इसीलिए पूछ रहा हु , TV है आपके पास ? क्या TV नहीं हुवा तो क्या हुवा ? आजकल TV नहीं तो कुछ भी नहीं , आपकी जानकारी के लिए बताता हु ये TV के चक्कर मे खुद मेरा डाइवोर्स हुवा है। " मेरी TV बहुत प्यारी थी " माफ करना बीवी बहुत प्यारी थी। एक TV के लिए इतना होगा पता नहीं था। खैर छोड़ो आपको नहीं चाहिए तो ...क्या TV भी चाहिए!
आपको बताता हु आपके जैसा पत्नी के लिए इतना सब करनेवाला इंसान आज तक नहीं देखा। वो थोड़ा एडवांस्ड पेमेंट का जरा देखना रिसीव होते हि डिलीवरी कर दी जाएगी। थैंक यू आपका दिन शुभ हो।

[हमे फॉलो करे(Instagram , Facebook , Youtube , Whatspp Channel)]

यह भी पढे :

Hindi Monologue For Male|हिन्दी मोनोलॉग फॉर मेल

Website: www.marathiauditionscript.com